# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

## राष्ट्रीय सेवा योजना

वार्षिक प्रतिवेदन
**2018–19**

डॉ. श्रीमती जयश्री डावरे
प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना
जा.दे.ब. राज. कन्या महाविद्यालय, कोटा

डॉ. रीटा गुलाटी
प्राचार्य एवं संरक्षक
जा.दे.ब. राज. कन्या महाविद्यालय, कोटा

# नियमित गतिविधियॉ

## जुलाई 2018

### 1.रजिस्ट्रेशन

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में संचालित राष्ट्रीय **सेवा** योजना की इकाई में 100 स्वयंसेविकाओं का पंजीकरण किया गया ।

### 2.वृक्षारोपण कार्यक्रम 09 जुलाई 2018

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा दो दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। महाविद्यालय के सह व सहायक आचार्य एवं छात्रसंध पदाधिकारियों ने भी पौधे लगाए । प्राचार्य डॉ रीटा गुलाटी ने छात्राओं को पर्यावरण के बढते प्रदूषण को कम करने में वृक्षों की भूमिका को समझातें हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा पौधे के बडे होने तक उसकी सार संभाल और पानी देने की शपथ दिलाई।





3–**जल स्वावलम्बन 27 जुलाई 2018**

दिनांक 27.7.2018 को महाविद्यालय में एन.एस.एस. की इकाई द्वारा जल स्वावलम्बन विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता भूजल वैज्ञालिक डॉ प्रवाल अथ्थैया ने मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जल स्वावलम्बन योजना के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि राजस्थान में बढ रही पानी की कमी व गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होने बताया की वर्षा ऋ़तु में बरसाती पानी को यदि कुछ समय के लिए जमीन पर एकत्र होने दिया जाये तो वह पानी जमीन की परतों से होते हुए नीचे पहुॅचता है और भूजल स्तर को बढाता है । राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ जयश्री डावरे ने राज्य सरकार द्वारा जल स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में लगाये गये जल संरक्षण तंत्र के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।






4–**स्वच्छता पखवाडा** 01 अगस्त 2018 से 15 अगस्त 2018

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में दिनांक 01.08.2018 से 15.08.2018 तक स्वच्छता पखवाडा मनाया गया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरेने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता कार्यक्रम को मिशन के रूप में अपनाने के लिये

प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर, खेल मैदान, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं इत्यादि की सफाई की ।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वंय सेविकाओं ने गोद ली गई कच्ची बस्ती दोस्तपुरा में स्वच्छता का संदेश देने वाली तख्तियॉ हाथों में लेकर रैली निकाली। रैली में प्लास्टिक की थैली का बहिष्कार कर पॉलीथीन मुक्त कोटा का संदेश दिया। छात्राओं ने धर धर जाकर स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए अपने आस पास गली मौहल्लों को साफ रखने व कचरा पात्र या नगर निगम के टिपर में डालने के लिए प्रेरित किया ।









5–**सलाहाकार समिति बैठक** 13 अगस्त 2018

महाविद्यालय में एन.एस.एस. की वर्षपर्यन्त चलने वाली गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिनांक 13.08.2018 को प्राचार्य व अध्यक्ष डॉ. रीटा गुलाटी की अध्यक्षता में सलाहाकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें श्री दिनेश तिवारी, सहायक निदेशक, क्षेत्रिय कार्यालय, कोटा, श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी, डीन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरे, सहायक लेखाधिकारी श्री जयसिंह मीणा, शमशीर आलम, एवम् पूर्व स्वयंसेविका श्वेता सिंह उपस्थित रहे । बैठक में सत्र 2018–2019 में आयोजित होने वाली गतिविधियों एक दिवसीय शिविरों एवं सात दिवसीय विषेश शिविर के आयोजन पर चर्चा की गई।

6. राष्ट्रीय **स्वाभिमान जागरण**– 11.08.2018

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरूकता विषय पर व्याख्यान करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर डाॅ. शशि प्रकाश चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस तरह से अनगिनत लागों ने अतीत में अपने देश की आजादी के लिए हंसते हंसते प्राण न्यौछावर किये । देशभक्ति का गुण हर व्यक्ति में होना चाहिये क्योंकि एक सच्चा देशभक्त ना केवल अपने देश के निमार्ण की दिशा में काम करता है बल्कि अपने आसपास के लोगों का भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है।



## 7–अभिविन्यास कार्यक्रम –17–18 अगस्त एवं 20 अगस्त 2018

महाविद्यालय में पंजीकृत स्वयंसेविकाओं को एन.एस.एस. के बारे में जानकारी देने हेतु तीन दिवसीय आरियेन्टेशन कार्यक्रम करवाया गया। जिसके अन्तर्गत पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निधि मीणा ने छात्राओं को एन.एस.एस. के उद्देश्य और समाज व देश के विकास में युवाओं की भूमिका को याद रखने का आव्हान किया। दूसरे दिन छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें महाविद्यालय परिसर को साफ किया और सभी छात्राओं व कर्मचारियों को भी स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रेरित किया । अन्त में डॉ. जयश्री डावरे ने सफाई के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें न केवल अपने घर की अपितु घर के आस पास गली मौहल्ले तथा शहर को भी साफ सुथरा रखना चाहिए । कार्यक्रम के इसी क्रम में स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्ष पर्यन्त चलने वाली गतिविधियों कार्यविधि व शिविरों की जानकारी भी दी गई।





## 8– एन.एस.एस.दिवस – स्वच्छता ही सेवा 24 सितम्बर 2018

दिनांक 24.9.2018 को महाविद्यालय में एन. एस.एस. दिवस मनाया और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया ।

छात्राओं ने समूहों में बटकर महाविद्यालय परिसर की सफाई और सभी पौधों को पानी दिया।





9– **वाद–विवाद प्रतियोगिता–26 सितम्बर 2018**

दिनांक 26.9.2018 को महाविद्यालय में एन.एस.एस.के अन्तर्गत महात्मा गांधी की 150वीं जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में 'महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज का विचार आज भी प्रासंगिक है' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें दुर्गेश नन्दनी प्रथम व प्रीति सिंह द्वितीय रही जिन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये भेजा गया ।

10– **सर्जिकल स्ट्राइक दिवस 29सितम्बर 2018**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सर्जिकल स्ट्राइक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक आचार्य श्री धर्म सिंह मीणा तथा सहायक आचार्य डॉ. ज्योति सिडाना ने छात्राओं को बताया कि सर्जिकल स्ट्राइकएक सुनियोजित सैन्य कार्यवाही होती है जिसका उददेश्य एक निश्चित लक्ष्य पर हमला कर उसे नेस्तनाबूद करना होता है उन्होने बताया कि किस प्रकार दो साल पहले 29.9.2016 को उरी पर हमले के ग्यारह दिन बाद भारत के सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकानों को लक्षित कर सर्जिकल स्ट्राइक की घटना को अंजाम दिया था।




## 11– स्वैच्छिक रक्तदान शिविर  02 अक्टूबर 2018

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में महात्मा गॉधी जी की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी  ने छात्राओं का मनोबल बढाया साथ ही महात्मा गांधी के आर्दशों पर चलने की बात कही । रक्तदान शिविर में छात्राओं सह व सहायक आचार्यों तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों ने पूरे जोश के साथ रक्तदान किया । लार्ड बुध्दा से आए छात्रों ने भी रक्तदान कर सहयोग किया।






**12– राष्ट्रीय एकता दिवस –31.10.2018**

जनकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ रीटा गुलाटी द्वारा छात्राओं को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई तथा महाविद्यालय परिसर में ही Run for unity कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





**13–कौमी एकता सप्ताह–19.11.2018 से 25.11.2018**

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक 19.11.से 25.11.2018 तक महाविद्यालय में कौमी एकता सप्ताह मनाया गया । प्रथम दिन राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ शशि प्रकाश चौधरी द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया । उन्होने अपने व्याख्यान में भारत की विभिन्नता का परिचय देते हुए छात्राओं को जातिवाद क्षेत्रवाद धर्मवाद से परे राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया । भारत की एकता एवं अखण्डता विषय पर निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसी क्रम में छात्राओं द्वारा कौमी एकता का संदेश देते हुए महाविद्यालय से अग्रसेन चौराहे तक रैली निकाली गई । अंतिम दिन झण्डा दिवस मनाया गया एवं भारतत की एकता और अखण्डता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई ।





### 14. संविधान दिवस – 26.11.2018

दिनांक 26.11.2018 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संविधान दिवस मनाया गया । कार्यकम की मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान की सह आचार्य श्रृध्दा सोरल ने भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण जानकारियॉ छात्राओं को दी । डॉ प्रेमलता परसोया ने कहा कि संविधान की जानकारी न सिर्फ राजनीति विज्ञान के छात्र छात्राओं को बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक को होनी चाहिए । प्राचार्य डॉ रीटा गुलाटी ने उपस्थित अधिकारियों छात्राओं एव कर्मचारियों को संविधान की गरिमा को बनाये रखने एवं पालन करने को प्रेरित किया और शपथ दिलाई।





# युवा सप्ताह 12–19 जनवरी 2019

महाविद्यालय में दिनांक 12.1.2019 से 19.1.2019 तक युवा सप्ताह कार्यक्रम को आयोजन किया गया । 12.1.2019 को स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती मनाई गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता मोदी इंस्टिटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. एच.सी.जैन ने स्वामीजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया ।

युवा सप्ताह के दौरान नशा मुक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसके मुख्य वक्ता राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ.आर.सी.सहानी ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और यह भी समझाया कि किस प्रकार नशे के आदी व्यक्ति को कैसे इस आदत से मुक्त कराया जा सकता है ।कार्यक्रम के अंत मे वक्ता व छात्राओं के मध्य खुली परिचर्चा रखी गयी जिसमें छात्राओं ने अपने एवं परिजनों से जुडी नशे की समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।

18.01.2019 को जे.डी.बी.राजकीय कन्या महाविद्यालय ,राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष में मनाये जा रहे युवा सप्ताह में मुख्य अतिथि एन.एस.एस. के राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह थे।उन्होने इस अवसर पर बताया कि एन.एस.एस. विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभा को मुखारित करने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि समाज सेवा इस तरह की जाए कि सभी उसका अनुसरण करें ।

विशिष्ट अतिथि डॉ.के.एम.गवेन्द्रा ने बताया कि विकाय की परिकल्पना श्रम से संभव है ।उन्होंने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा में एन.एस.एस. इसलिये आवश्यक है ताकि यह व्यक्तित्व को सर्वांगीण विकास किया जा सके ।

अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरे ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया ।




## शिक्षा का अधिकार एवं युवाओं की भूमिका –05 फरवरी 2019

महाविद्यालय में दिनांक 05.01.2019 को शिक्षा का अधिकार एवं युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसकी मुख्य वक्ता राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की सह आचार्य डॉ. ज्योति सिडाना ने बताया की शिक्षा मनुष्य को एक चेतनशील प्राणी में परिवर्तित करती है और उसे सामाजिक,सांस्कृतिक एवं आर्थिक प्राणी बनाती है । भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का अधिकार दिया गया है । साथ ही शिक्षा का अधिकार के माध्यम से समाज के वंचित और आर्थिक दृष्टि से पिछडे बच्चों को भी शिक्षा के अधिकार से जोडने का प्रयास किया गया है। भारत सर्वाधिक युवाओं वाले देश के रूप में जाना जाता है इसलिए यहॉ युवाओं की भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। युवा वर्तमान दौर में विद्यालय और महाविद्यालय की परम्परागत शिक्षा प्रणाल से परे जा कर आधुनिक

तकनीक युक्त शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे है जो एक तरफ उनके ज्ञान में वृद्वि कर रहा है परन्तु साथ ही उनमें विश्लेषणात्मक ज्ञान में कमी भी कर रहा है क्योंकि वह कट–कॉपी –पेस्ट संस्कृति को अपना रहा है इसलिए आवश्यक है कि युवाओं को पुस्तक पढने के लिए प्रेरित किया जाये ताकि वह विषय का विस्तृत ज्ञान प्राप्त कर सकें ।



## एक दिवसीय शिविर

### प्रथम एक दिवसीय शिविर

दिनांक 28.07.2018 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर ग्रीन एण्ड क्लीन कॉलेज का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की सह आचार्य एवं पूर्व एन.एस.एस. अधिकारी डॉ दीपा स्वामी ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीयसेवा योजना का जो सेवा भाव , समाज के प्रति त्यागख साफ सफाई , जन जागरूकता , साक्षरता , अधिक से अधिक पौधारोपण करना इत्यादि के लिए प्रोत्साहित किया । उसके बाद छात्राओं ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर में लगे जल संरक्षण तंत्र के सफल संचालन के लिए भवन की छतों की सफाई की।






**द्वितीय एक दिवसीय शिविर**

दिनांक 25.09.2018 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर तीनों महाविद्यालय विज्ञान,कला एवं वाणिज्य की राष्ट्रीयसेवा योजना की सभी छः इकाईयों ,युवा विकास केन्द्र, स्काउट गाइड,रोटरी पदमिनी क्लब एवं श्री जी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । शिविर का शुभारंभ वरिष्ट संकाय सदस्य श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी ने किया । शिविर में संकाय सदस्यो एवं छात्राओं के हिमोग्लोबिन एवं वनज की जॉच की गई और वहॉ उपस्थित सभी छात्राओं को कृमिनाशक दवा वितरित की गई । संकाय सदस्यों डॉ मनीषा शर्मा ,डॉ सरस्वती अग्रवाल , प्रयोगशाला सहायक रचना भार्गव व उनके पुत्र लक्ष्य भार्गव एवं छात्राओं के साथ साथ उनके परिवारजनों ने भी पूर्ण उत्साह के साथ रक्तदान किया ।

इस प्रकार कुल 48 यूनिट रक्त एकत्रित कर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रृध्दा अर्पित किये गये । अन्त में संकाय की डीन श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों, ब्लड बैंक स्टाफ तथा महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को शिविर को सफल बनाने में योगदान देने पर आभार व्यक्त किया ।







## तृतीय एक दिवसीय शिविर

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था एवं मतदान हमारा कर्तव्य है विषय पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट मण्डल सचिव यज्ञदत्त हाडा ने छात्राओं कोअधिकाधिक मतदान करने वे अपने आस पास मतदान जागरूकता की अलख जगाने के लिये प्रेरित किया । उन्होने कहा मतदान लोकतांत्रिक प्रकिया का आधार स्तंभ है । इस अवसर पर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था से संबधित एक प्रश्न मंच कार्यक्रम एवं निबंध प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया







## सात दिवसीय विशेष शिविर

राष्ट्रीयसेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक 15.10.2018 से 21.10.2018 तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया । शिविर की थीम राष्ट्रबोध रखी गई । सातों दिन शिविर की शुरूआत योगासन के साथ की गई। शिविर के दौरान डॉ एम.एल.साहू हैरिटेज एवं टूरिज्म विभाग,कोटा ने राष्ट्रबोध विषय पर व्याख्यान दिया । इसी क्रम में डॉ एम.एल.अग्रवाल ,कोटा के मनोचिकित्सा विभाग के अध्यक्ष द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर,सुश्री निधी प्रजापति द्वारा राष्ट्र निर्माण एवं भविष्य निर्माण पर, श्री रविन्द्र श्रीवास्तव, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप, द्वारा मतदान जागरूकता पर व्याख्यान करवाये गये ।

शिविर के दौरान डॉ अनुज विलियम्स ने स्वयंसेविकाओं को केरियर गाइडेन्स एवं इन्टरव्यू स्किल्स PPT के माध्यम से समझाया व प्रशिक्षक श्री अनिल कुमार ने ताइक्वांडो का आधरभूत प्रशिक्षिण देते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए ।

शिविर के दौरान एन.एस.एस. द्वारा गोद ली गई बस्ती में स्वच्छता सर्वे व स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।

शिविर में छात्राओं को सह शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व को समझाते हुए नींबू रेस,मेहन्दी प्रतियोगिता, काव्य पाठ, आशू भाषण ,पोस्टर, स्लोगन इत्यादि प्रतियोगिताए करवाई गई । समापन के अवसर पर सप्ताह पर्यन्त प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर छात्राओं का उत्साह बढाया । अन्त में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

विस्तृत विवरण अलग से संलग्न है ।

प्राचार्य

[illegible] राजकीय कन्या महाविद्यालय, पाली